Rashtriya Sahara

Delhi - Apr 26, 2019

Page No:	5	Type:	Newspaper
Page Name:	Apna Sahar Delhi	Language:	Hindi
Size:	58 sq. cm	Circulation:	81,220
AVE:	INR 51,877	Frequency:	Daily

News monitored for: Lemon Tree Hotels

Title: Formers IIT student promises Rs 20cr for research facility

आईआईटी के शोध सुविधा भवन को पूर्व छात्र ने दिए 20 करोड़

नई दिल्ली (एसएनबी)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के परिसर में बनने वाले केंद्रीय शोध सुविधा भवन को संस्थान के एक पूर्व छात्र ने 20 करोड़ रुपए दिए हैं, जोकि केंद्र के निर्माण का पूरा खर्च है। संस्थान के 1981 बैच के छात्र व लेमन ट्री होटल्स के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पतंजलि जी केसवानी के सहयोग से बनने वाले इस केंद्रीय शोध सुविधा भवन को 'स्वर्ण जयंती गोपे एवं लीला केसवानी शोध केंद्र' के नाम से जाना जाएगा।

केसवानी ने केंद्रीय शोध सुविधा भवन के निर्माण पर आने वाले पूरे खर्च को वहन करने का निर्णय लिया है। यह भवन विशेष रूप से शिक्षा और शोध के लिए उपयोग किया जाएगा। शोध केंद्र की स्थापना के लिए सबसे पहले 2010 में केसवानी और आईआईटी दिल्ली के बीच करार हुआ था। उस समय आईआईटी के पूर्व छात्र ने 25 लाख रुपए संस्थान को दिए थे। फरवरी 2012 में जब भवन की नींव रखी गई तो फिर से संस्थान और पूर्व छात्र के बीच एक और समझौता हुआ। इस बारे में केसवानी का कहना है कि हमें अपने संस्थान के शिक्षकों का आभारी होना चाहिए।

© Rashtriya Sahara